बिहार सरकार

खेल विभाग

सं०सं०–01/स्था०–11(वेतन)–01/2026...162... **पटना, दिनांक–12.5./2026**

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (ले. एवं ह.),
वीरचन्द पटेल पथ,
पटना।

विषय :– **बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर (नालंदा) का अकादमी सत्र के सफल एवं सुगम संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए सहायक अनुदान–गैर वेतन मद में कुल राशि ₹47,52,000/–(सैंतालीस लाख बावन हजार रूपये) मात्र की निकासी की स्वीकृति।**

आदेश :– स्वीकृत।

2. राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष 2202–सामान्य शिक्षा–03–विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा–102–विश्वविद्यालयों को सहायता–0033–बिहार खेल विश्वविद्यालय विपत्र कोड–52–2202031020033 के अंतर्गत विषय शीर्ष–3106–सहायक अनुदान–गैर वेतन मद में उपबंधित राशि से व्यय होगा।

3. राशि की निकासी, अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खेल विभाग बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना के माध्यम से की जायेगी तथा विश्वविद्यालय हेतु संधारित बचत खाता संख्या–7899658171, IFSC CODE-IDIB000R252 में राशि का अंतरण किया जायेगा।

4. स्वीकृत राशि का लेखा–जोखा अलग रखा जायेगा। भारत सरकार/बिहार सरकार के वित्त अंकेक्षण को स्वीकृत राशि के अंकेक्षण का पूर्ण अधिकार होगा। सम्पूर्ण राशि या इसके किसी अंश का दुरूपयोग प्रमाणित होने पर संस्था से वसूलनीय होगी।

5. स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन ससमय खेल विभाग, बिहार, पटना को विहित विपत्र में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

6. यह स्वीकृति वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–2561, दिनांक–17.04.1998 एवं संकल्प संख्या–3758, दिनांक–31.05.2017 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

7. स्वीकृति आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
12/05/26
(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–01/स्था०–11(वेतन)–01/2026...162..... पटना, दिनांक–12.5./2026

प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/कोषागार पदाधिकारी, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर (नालंदा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खेल विभाग, पटना/बजट शाखा/लेखा शाखा (दो प्रतियों में)/आई० टी० मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/05/26
सरकार के संयुक्त सचिव।

1615 R